Tuticorin, Mangalore, Marmugao, Rozi, Calicut, Vereval, Alleppey, Okha, Navlakhi and Nagapattinam, Some of these ports cannot be used during the monsoon weather.

(c) A port-wise statement indicating the quantity of foodgrains handled last year (1975) together with the despatch money earned|Demurrage incurred is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-10626/76]. The accounts with the vessel owners have not yet been finalised in all cases.

चीनी का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन

1985. श्री पी० एम० मेहता : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चीनी का उत्पादन बढाने के लिये गत वर्ष विशेष राहत देने की घोषणा के बाद, चीनी का उत्पादन बढ़ाने वाली मिलों के नाम क्या हैं ;

(ख) जिन मिलों को राहत प्रदान की गई उनके नाम क्या हैं; और

(ग) शेष मिलों को भी उक्त राहत न देने के क्या कारण हैं ?

कृषि और सिंचाई मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री शाह नवाज खां) : (क) से (ग). सरकार ने नवम्बर, 1975 में नई चीनी फक्ट्रियों को प्रोत्साहन देने और लाइसेंस-शुदा विस्तार योजना की घोषणा की थी जोकि अंशतः उत्पादन शुल्क में रियायत देने और अंशतः लैवी-मुक्त चीनी के कोटे की अधिक प्रतिशतता पर आधारित है ताकि संयंत्र, मशीनरी आदि के मौजूदा ऊंचे मूल्यों को देखते हुए उन्हें आर्थिक दृष्टि से आत्म-निर्भर बनाया जा सके। जिन फैक्ट्रियों ने रियायतें पाने के लिए अपनी पात्रता का दावा किया है उनके आवेदन-पत्रों पर विचार किया जा रहा है।

राजस्थान में "वर्किंग गर्ल्स होस्टल"

1986. श्री लालजी भाई : क्या शिक्षा समाज कल्याण और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार श्रम-जीवी महिलाओं के लिये राजस्थान के प्रमुख नगरों में "वर्किंग गर्ल्स होस्टलों" का निर्माण करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी विवरण क्या है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमन्त्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) और (ख). महिलाओं के कल्याण के क्षेत्र में काम करने वाले स्वयंसेवी संगठनों को सहायता देने की भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत 2 लाख अथवा उससे अधिक आबादी वाले शहरों में श्रमजीवी महिलाओं के लिए होस्टलों के भवनों के निर्माण/विस्तार के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है। 1975-76 में किंग एडवर्ड 7 मैमोरियल सोसाइटी, अजमेर नामक केवल एक स्वयंसेवी संगठन ने अजमेर में श्रमजीवी महिलाओं के लिए एक होस्टल बनवाने के लिए इस योजना के अन्तर्गत 82,260 रुपये की केन्द्रीय सहायता प्राप्त की।

चम्बल विकास परियोजना के लिये विदेशी सहायता

1987. श्री लालजी भाई : क्या कृषि और सिंचाई मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि चम्बल विकास परियोजना के अन्तर्गत इस समय कोटा जिले में कौन-कौन से कार्यक्रम